
हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी

**अनमोल वचन**
अपने आप की तुलना किसी से मत करो, यदि आप ऐसा कर रहे है तो आप स्वयं अपनी बेइज़्ज़ती कर रहे है। – बिल गेट्स

गुरुवार 25 जून 2026 वर्ष 02 अंक 165 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# मां मंगला स्थान मंदिर के पुनर्निर्माण का हुआ शिलान्यास

## विधायक डॉ. सुनील कुमार ने किया भूमि पूजन, भव्य बहुमंजिला मंदिर निर्माण का लिया संकल्प




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सनातन धर्म विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में रामचंद्रपुर स्थित प्रसिद्ध मां मंगला स्थान मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु बुधवार को शिलान्यास सह भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने विधिवत पूजा–अर्चना कर भव्य बहुमंजिला मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग देने तथा इस पुनीत कार्य में बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की गई। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि चंदा संग्रह की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखने के लिए क्यूआर कोड एवं बैंक चेक के माध्यम से सहयोग राशि प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि उनका परिवार वर्षों से मंदिर निर्माण एवं धार्मिक कार्यों में योगदान देता रहा है और वे भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जनसहयोग से सनातन धर्म की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज सभी हिंदू भाई–बहनों को अपनी धर्म–संस्कृति की रक्षा एवं संवर्धन के लिए आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब हम धर्म की रक्षा करेंगे, तभी धर्म हमारी रक्षा करेगा। धर्म और संस्कृति की सुरक्षा से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकता है। विधायक ने विश्वास जताया कि शीघ्र ही इस पावन स्थल पर एक भव्य मंदिर का निर्माण होगा, जो पूरे क्षेत्र में आस्था एवं आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मंदिर में विभिन्न देवी–देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ की जनता का सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहा तो सनातन धर्म विकास ट्रस्ट के माध्यम से शहर के अन्य जर्जर एवं पुनर्निर्माण की आवश्यकता वाले मंदिरों का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा।कार्यक्रम में समाजसेवी रजनीश कुमार, अरविंद जी, सुनील साव, राजकिशोर प्रसाद, अरुण देव साव, डॉ. श्याम बिहारी, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. बालमुकुंद, डॉ. पवन भारती, डॉ. संध्या सिन्हा, अधिवक्ता दिनेश प्रसाद, प्रो. अमन कुमार, मंगला स्थान मंदिर के अध्यक्ष प्रद्युम्न साव, पंकज कुमार, वार्ड पार्षद संतोष कुमार उर्फ गुलमली पासवान, पार्षद दिलीप यादव, अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, अमरेश कुमार, राजू माहुरी, अमरकांत भारती, सोनू कुमार हिंदू, अमित शान, महेंद्र प्रसाद, शिवम राज, पार्षद जितेंद्र कुमार उर्फ विपिन कुमार, अजय पासवान, संजय यादव, मुन्ना सिंह, संजय आजाद, धीरज पाठक, गोपाल कुमार, अविनाश कुमार, संदीप कुमार, संजय कुमार शर्मा, रंजीत कुमार रंजन, नागमणि मुस्कान, आलोक रंजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



# नालंदा में आज लगेगा विशेष जॉब कैंप

## बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम–अजय) के तहत कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, नालंदा द्वारा गुरुवार 25 जून 2026 को एक दिवसीय विशेष जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिक वक्कास ने बताया कि जिला पदाधिकारी नालंदा के निर्देशानुसार आयोजित इस रोजगार मेले में विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियां एवं नियोजक भाग लेंगे। जॉब कैंप का आयोजन जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), दीपनगर आदर्श थाना के पीछे, बिहारशरीफ में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जॉब कैंप में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए नियोजनालय में निबंधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जो अभ्यर्थी अब तक नियोजनालय में पंजीकृत नहीं हैं, वे जिला नियोजनालय से संपर्क कर अथवा जॉब कैंप स्थल पर पहुंचकर भी अपना निबंधन करा सकते हैं।जॉब कैंप में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा तथा आधार कार्ड लेकर निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होने की सलाह दी गई है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कैंप में भाग लेने वाले सभी नियोजक निजी क्षेत्र से संबंधित हैं। इसलिए नियुक्ति की शर्तें एवं अन्य नियम संबंधित कंपनियों द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा। उन्होंने जिले के सभी शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस रोजगार मेले में भाग लेकर उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं।






# नालंदा में सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 12,942 में 3,753 अभ्यर्थी हुए शामिल

## एक परीक्षार्थी निष्कासित, सभी परीक्षा केंद्रों पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के विज्ञापन संख्या–03/2025 एवं अन्य विज्ञापनों के तहत आयोजित सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा बुधवार को नालंदा जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त खैरियत प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 12,942 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था। इनमें से 3,753 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 9,189 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया। सबसे अधिक 1,176 अभ्यर्थी एस.पी.एम. कॉलेज, उदंतपुरी परीक्षा केंद्र पर आवंटित थे, जहां 320 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। वहीं पीएमएस कॉलेज, पहड़पुरा तथा सरस्वती पब्लिक स्कूल, सोहडीह में 1,080–1,080 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। जिले के जिन प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, उनमें रोजमेरी लैंड स्कूल, आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय भैंसासुर, कैरियर पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, डैफोडिल पब्लिक स्कूल, सोगरा हाई स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल, पीसीपी इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, एसएस बालिका सीनियर प्लस टू विद्यालय, आरपीएस स्कूल, जवाहर कन्या प्लस टू विद्यालय, सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, कन्या उच्च विद्यालय सोहसराय तथा केएसटी कॉलेज शामिल हैं।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला नियंत्रण कक्ष की ओर से जारी प्रतिवेदन में परीक्षा के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त किया गया है।


अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# नालंदा के सात और थानों की कमान संभालेंगे इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी

## पुलिसिंग को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण में तेजी लाने के लिए मुख्यालय का फैसला

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सात थानों को अपग्रेड किया गया है। नए आदेश के तहत अब इस्लामपुर, नूरसराय, चंडी, हरनौत, रहुई, अस्थावां और सिलाव थानों की कमान भी इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों के हाथों में होगी। जिले में बिहार थाना, लहेरी थाना, सोहसराय थाना, दीपनगर थाना, राजगीर थाना और हिलसा थाना में पहले से ही इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित हैं। नए आदेश के बाद जिले के कुल 13 थानों का नेतृत्व इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी करेंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राज्यभर में पुलिसिंग की गुणवत्ता सुधारने, अपराध नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाने तथा लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत बिहार के 425 थानों को चिन्हित किया गया है, जहां प्रतिवर्ष कम से कम 350 आपराधिक मामले




दर्ज होते हैं।नए प्रावधान के अनुसार संबंधित थानों के थानाध्यक्ष के रूप में तैनात इंस्पेक्टर अपने थाना क्षेत्र के अंचल निरीक्षक (सर्किल इंस्पेक्टर) का कार्य भी देखेंगे। हालांकि उनकी जिम्मेदारी केवल अपने ही थाना क्षेत्र तक सीमित रहेगी।पुलिस मुख्यालय को उम्मीद है कि इस व्यवस्था से अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता बेहतर होगी, कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहूलियत मिलेगी तथा जनता को अधिक प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए किसी नए पद का सृजन नहीं किया गया है, बल्कि जिले में पहले से उपलब्ध इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों के बीच ही पदस्थापन किया जाएगा।

# मोहर्रम को लेकर जिला प्रशासन का फ्लैग मार्च, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मोहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार देर शाम जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी ने संयुक्त रूप से बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान बिहारशरीफ शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों, प्रमुख चौक–चौराहों तथा जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर आमजन से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने कहा कि मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सजग है। सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं तथा विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।



पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार गश्ती, निगरानी तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही फ्लैग मार्च में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।है, ताकि किसी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार को रोका जा सके।

# करंट लगने से युवक की मौत

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर थाना क्षेत्र के साइड पर निवासी स्व. रामचंद्र राजवंशी के 30 वर्षीय पुत्र गोविंदा कुमार को करंट लगने से मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भाई बिरजू राजवंशी ने बताया कि सिथौरा गांव में नीरज कुमार के यहां गृह प्रवेश था, जहां वे 9:30 बजे रात्रि घर के डेकोरेशन के लिए गया हुआ था। लाइट जलाने के दौरान बिजली के तार में कनेक्शन कर रहा था। वहीं बगल से जा रहे 11000 वोल्ट के तार से उसके इसमें गंभीर रूप से झुलस गया जिसे तत्काल पावापुरी अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक गोविंदा डेकोरेशन मलिक मनोज सिंह के यहां डेकोरेशन के काम किया करता था। घटना की खबर सुनते ही सांसद कौशलेन्द्र कुमार, स्थानीय विधायक कौशल किशोर परिवार वालों से मिलकर सांत्वना दिए एवं तत्काल आपदा के तहत बीस हजार रुपए मृतक की पत्नी को सहायता राशि दी गई। हाथ संपर्क में आ गया।

# रामचंद्रपुर बस स्टैंड के पास युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित मीतू बस स्टैंड के समीप सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, बुधवार की शाम लगभग 5 बजे सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान मंशु कुमार (25 वर्ष), पिता स्वर्गीय बैजू पासवान, निवासी ग्राम मघरा, थाना दीपनगर, जिला नालंदा के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी बुलाया गया। पुलिस का कहना है कि प्राप्त साक्ष्यों एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है तथा अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

# राजगीर कांड में पुलिस दबिश का असर एक और आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

## अब तक चार आरोपी गिरफ्तार, एक ने कोर्ट में किया सरेंडर, तीन अन्य की तलाश जारी

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** राजगीर थाना क्षेत्र के झुनकिया बाबा मंदिर परिसर के निकट हुई चर्चित घटना के मामले में नालंदा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की लगातार दबिश और छापेमारी के दबाव में एक आरोपी ने नालंदा व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के अनुसार, राजगीर थाना कांड संख्या 411/26 एवं 412/26 के अनुसंधान के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। एसआईटी ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान पहले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, जबकि बाद में उपलब्ध वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में पुलिस द्वारा लगातार की जा रही छापेमारी और दबिश के कारण मामले के आरोपी रामजन्म कुमार (45 वर्ष), पिता स्व. अर्जुन सिंह, निवासी पन्हेसा, थाना शेखोपुरसराय, जिला शेखपुरा ने मंगलवार को नालंदा व्यवहार न्यायालय, बिहारशरीफ में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में अब तक कुल आठ लोगों की पहचान की जा चुकी है। इनमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक आरोपी ने न्यायालय में सरेंडर किया है। एक अन्य आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया गया है। वहीं दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। नालंदा पुलिस का कहना है कि मामले में अनुसंधान जारी है और घटना में संलिप्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।






# चंडी के जैतीपुर मोड़ पर जी लैब फार्मेसी स्टोर का भव्य शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने किया उद्घाटन



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट चंडी (बिहार)।** नालंदा जिले के चंडी प्रखंड अंतर्गत जैतीपुर मोड़ के पास बुधवार को जी लैब फार्मेसी के कंपनी स्टोर का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने फीता काटकर स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, गणमान्य नागरिक, सामा. जिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग उप. स्थित रहे। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उद्घाटन से पूर्व पूजा–अर्चना, हवन तथा प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। बताया गया कि जी लैब फार्मेसी का नालंदा जिले में यह पहला स्टोर है, जहां कंपनी की दवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। समारोह को संबोधित करते हुए आरसीपी सिंह ने कहा कि जी लैब फार्मेसी के खुलने से क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उचित मूल्य पर मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही उन्होंने स्टोर संचालक को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। स्टोर संचालक ने बताया कि जी लैब फार्मेसी का उद्देश्य आम लोगों को कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा दवाओं की खरीद पर 90 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिससे लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का फूल–मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# पुजारी –पुलिस और अपराधियों की मिली भगत से दलित युवकों की हत्या हुई– सुदामा प्रसाद



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट राजगीर (बिहार)।** राजगीर मलमास मेला घूमने गए दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपार निवासी 20 वर्षीय श्रवण पासवान,31 वर्षीय पिंटू पासवान की झुनकिया बाबा मंदिर में चोर –चोर का बहाना बनाकर पीट –पीट कर हत्या कर दिया गया था। दोनों युवक राज मजदूर का काम करते थे । श्रवण पासवान अपने घर का इकलौता कमाउ बेटा था । स्थानीय लोग अक्सर शाम को मेला घूमने जाते रहे हैं, गंजपर के दो लड़के और अली नगर मोहल्ला के 4 लड़के एक साथ मेला देखने गए थे। घूमने के क्रम में श्रवण और पिंटू पैखाने के लिए मंदिर के पीछे गए थे, उसी क्रम में मंदिर के साधु और उसके लोग दोनों को चोर –चोर कह कर पकड़ के हाथ पैर बांध दिया । नाम ,गांव और जाति पूछ कर दोनों दलित युवक को सिर से पैर तक चुर दिया । हाथ पैर का कई हड्डियां टूटी हुई पाई गई थी दोनों लड़के चिखते–चिल्लाते रहे। अपनी जान की भीख मांगते रहे परंतु अपराधियों ने क्रूरता से पिटाई करना जारी रखा और मरते–मरते अंग भंग कर मरणासन्न हालत में पुलिस को सौंप दिया। पुलिस राजगीर अस्पताल में इलाज की खानापूर्ति के बाद पटना के पीएमसीएच में भेज दिया परंतु परिवार के किसी सदस्यों को सूचित नहीं किया । झुनकिया बाबा मंदिर जहां घटना घटी बगल में पुलिस कैंप था। पुलिस चुपचाप देखती रही।पुलिस की मिलीभगत से ही अपराधियों, साधु के भेष में छिपे गुंडे मवालियों ने हत्या कर दिया। पुलिस ने परि. जनों पर पीएमसीएच में दबाव बनाया कि लाश घर पर नहीं ले जाना है लेकिन परिजनों ने तीखा विरोध किया और लाश घर लेकर आये। गंजपर पुलिस का भारी बंदोबस्त था जैसे वहां कोई बड़ा अपराधी छुपा हुआ है और झुनकिया बाबा मंदिर कांड के अपराधियों के बचाने के इंतजाम में लगी रही है। आज पीड़ित परिवार से गंजपर मुलाकात कर आरा सांसद कामरेड सुदामा प्रसाद ने सांत्वना दिया। उनके साथ माले जिला सचिव कामरेड कामरेड श्रीनिवास शर्मा,इंकलाबी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड बिरेस कुमार , जिला कमिटी सदस्य कामरेड अनिल पटेल, कामरेड सुनिल कुमार, फुटपाथ दुकानदार संघ के नेता कामरेड किशोर साव, राजेश रविदास समेत कई नेतागण शामिल थे।कामरेड सुदामा प्रसाद न पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। दोनों मृतको को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि न्याय के लिएआंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी की सरकार में दलित, गरीब महिलाओं पर लगातार हमला बढ़ा है , अपराधी बेलगाम है । जायज मांग करने पर पुलिस दमन जारी है। बुलडोजर राज में गरीब पर आफत आ गया है।गरीबों, दलितों में चौतरफा आक्रोश बढ़ रहा है । उन्होंने सरकार से झुनकिया बाबा मंदिर में मारे गए युवकों के परिजनों को 50–50 लाख रुपए मुआवजा, एक–एक परिजनों की सरकारी नौकरी, सभी अपराधियों को स्पीडी ट्रायल चला शीघ्र कठोर सजा, राजगीर थाना प्रभारी को बर्खास्त तथा परिजनों की सुरक्षा और हाई कोर्ट के सिटिंग जज से जांच करने की मांग किया। भाकपा–माले 25 जून को झुनकिया बाबा मंदिर दोहरे हत्याकांड के खिलाफ बिहारशरीफ में प्रतिवाद मार्च व सभा की घोषणा किया है।

# 30 घंटे में लूटकांड का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार, लूटी गई

## बाइक और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद, अन्य आरोपितों की तलाश जारी



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट इसलामपुर (बिहार)।** इसलामपुर थाना क्षेत्र में कोबिल पार नदी पुल के समीप हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज 30 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है तथा लूटी गई मोटरसाइकिल के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, 21 और 22 जून की मध्यरात्रि करीब 11:30 बजे कोबिल पार नदी पुल के पास मोटरसाइकिल से जा रहे दो लोगों को अज्ञात अपराधियों ने रोक लिया था। अपराधियों ने उनसे मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और सोने का लॉकेट लूट लिया था। घटना के बाद इसलामपुर थाना में कांड संख्या 299/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा–2 के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के बेतौली निवासी नेपाल कुमार (20 वर्ष) तथा इसलामपुर थाना क्षेत्र के खेदनबिगहा निवासी दीपु कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई मोटरसाइकिल संख्या BR21AE–2736 तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल संख्या BR21AK–9182 बरामद की है। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपितों का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। नेपाल कुमार के विरुद्ध इसलामपुर और हुलासगंज थाना में कई मामले दर्ज हैं, जबकि दीपु कुमार के खिलाफ भी इसलामपुर थाना में पूर्व से आपराधिक कांड दर्ज है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष रणविजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अरुण कुमार यादव, अरुण कुमार राय तथा इसलामपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

# मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील प्रशासनिक दिशा–निर्देशों के पालन पर जोर





**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अंजुमन मुफीद– उल– इस्लाम (एएमआई) नालंदा के पदाधिकारियों ने भी लोगों से प्रशासनिक नियमों का पालन करने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला प्रशासन द्वारा 23 जून 2026 को जारी गा. इडलाइन के अनुसार केवल लाइसेंस प्राप्त जुलूसों को ही अनुमति दी जाएगी। जिन जुल. ूसों का लाइसेंस नहीं बना है, उन्हें निकालने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन द्वारा जिले में कुल 118 लाइसेंस जारी किए गए हैं। साथ ही सभी आयोजकों से अनुरोध किया गया कि रात 10 बजे के बाद सड़क पर जुलूस न निकालें तथा बच्चों और युवाओं पर विशेष ध्यान रखें, ताकि किसी प्रकार की नादानी से कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। डीजे एवं अत्यधिक तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम के उपयोग से बचने तथा माइक से ऐसे वक्तव्य न देने की सलाह दी गई, जिससे किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। अंजुमन मुफीद–उल–इस्लाम, नालंदा के उपाध्यक्ष मीर अरशद हुसैन ने कहा कि मुहर्रम शहादत, कुर्बानी और इस्लाम की बुलंदी का प्रतीक है। यह इबादत, आत्मचिंतन और कुरआन की शिक्षाओं को अपनाने का पावन अवसर है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि मुहर्रम के दौरान धार्मिक मर्यादाओं का पालन करें, गुनाहों एवं गैर–जरूरी रस्मों से बचें तथा अमन, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दें। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का पर्व पूरी श्रद्धा, अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए, ताकि इसकी मूल भावना और संदेश समाज तक पहुंच सके।



# नालंदा में नौ नए डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारी तेज, डीएम ने की समीक्षा

## आधारभूत सुविधाओं के विकास और भवनों के जीर्णोद्धार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राज्य सरकार के सात निश्चय–3 (2025–30) के अंतर्गत उन्नत शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य कार्यक्रम के तहत नालंदा जिले में स्थापित किए जाने वाले नौ डिग्री महाविद्यालयों के संचालन की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं चिन्हित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ आवश्यक निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि उच्च शिक्षा के विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किए जा रहे इन महाविद्यालयों का संचालन समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्हा. ने महाविद्यालयों के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। नालंदा जिले में डिग्री महाविद्यालयों के संचालन के लिए रहुई, नूरसराय, बिंद, नगरना. सा, कतरीसराय, थरथरी, करायपरसुराय, परवलपुर और सरमेरा प्रखंड के नौ शैक्षणिक संस्थानों को चिन्हित किया गया है। इन संस्थानों में उपलब्ध भवनों, वर्गकक्षों एवं अन्य सुविधाओं का आकलन कर आवश्यक निर्माण, मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से छात्र–छात्राओं के लिए पृथक एवं सुसज्जित शौचालय, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, भवनों के रंग–रोगन तथा परिसर की साफ–सफाई की व्यवस्था को प्रा. थमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा। उन्होंने सभी संस्थानों में सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक फर्नीचर, स्टेशनरी सामग्री तथा अन्य शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रभारी उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, चिन्हित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पटेल नगर मोहल्ले में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा स्मृति दिवस एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार में स्थित पटेल नगर मोहल्ले में स्थित सेवा केंद्र में बुधवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्मृति दिवस एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, मि. हलाओं, युवाओं एवं संस्थान से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरनौत थाना के दरोगा नीरज कुमार एवं हरनौत बाजार में स्थित डीएवी स्कूल के प्रिं. सिपल नागेंद्र कुमार एवं अन्य लोगों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं ईश्वरीय गीतों के साथ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बहन मीरा कुमारी ने बताया कि इस संस्था के प्रथम मुख्य प्रशासनिका जगदंबा सरस्वती की 61वीं पुण्य स्मृति दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति को लेकर 26 जून की सुबह में हरनौत बाजार में यात्रा निकाला जाएगा। इस अवसर पर दरोगा नीरज कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति समाज और युवाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को प्रभ. ावित करता है। इसलिए सभी लोगों को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए आगे आना चाहिए।संस्थान के वक्ताओं ने स्मृति दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन आत्मचिंतन, आध्यात्मिक जागरूकता एवं मानवीय मूल्यों को अपनाने का संदेश देता है। राजयोग ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में शांति, सकारात्मकता और आत्मविश्वास प्राप्त कर सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया तथा स्वस्थ एवं संस्कारवान समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि आध्यात्मिकता और योग के माध्यम से व्यक्ति नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर एक सुखी एवं तनावमुक्त जीवन जी सकता है।अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया तथा समाज में शांति, सद्भाव और नशा मुक्त वातावरण बनाने का संदेश दिया गया।साथ ही स्मृति दिवस के अवसर पर आध्यात्मिक मूल्यों, राजयोग ध्यान और सक. ारात्मक जीवनशैली के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस मौके पर शत्रुघ्न ,गोपाल, कृष्ण, राजेश, रत्न ,अशोक, सुनीता, देवंती,उर्मिला समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# हरनौत नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, कुंदन–11 बना चौंपियन, रेलवे क्वार्टर टीम को 8 विकेट से हराया

## हरनौत नगर पंचायत टीम के आयोजन में शामिल जनप्रतिनिधि और सैकड़ों खेलप्रेमी



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय के पास स्थित पशुचारा मैदान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। फाइनल मुकाबला रेलवे क्वार्टर टीम और कुंदन–11 के बीच खेला गया, जिसमें कुंदन–11 ने जीत हासिल की। टूर्नामेंट के समापन समारोह में हरनौत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि और संयोजक धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बस्ती पैक्स अध्यक्ष एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कमेटी के सदस्य रौशन कुमार ने अतिथियों का अंग वस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने बताया कि यह टूर्नामेंट 18 दिनों तक चला। उन्होंने फाइनल मैच में दर्शकों के उत्साह और खिलाड़ियों के जज्बे के लिए धन्यवाद दिया। श्री सिंह ने कहा कि हार–जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन इस दौरान जो भाईचारा दिखा, वह हमेशा याद रहेगा। उन्होंने अगले साल और बेहतर टूर्नामेंट आयोजित करने का आश्वासन दिया। अतिथियों ने फाइनल खेलने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि दिलीप सिंह ने बताया कि रेलवे क्वार्टर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 14 ओवर में 122 रन बनाए। जवाब में, कुंदन–11 की टीम ने मात्र छह ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और आठ विकेट से मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि धीरज कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रत्येक छक्के पर 501 रुपये का इनाम भी दिया गया। सतीश को श्मैन ऑफ द मैचश और बाबा को श्मैन ऑफ द सीरीजश का पुरस्कार मिला। नीरज को सर्वश्रेष्ठ फील्डर, सन्नी राजपूत को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और बाबा को सर्वश्रेष्ठ बल्ल. ेबाज का पुरस्कार दिया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन हरनौत नगर पंचायत टीम द्वारा किया गया था। इस अवसर पर वार्ड पार्षद संजय कुमार, टिंकू कुमार, रिंकू पांडे, राजीव कुमार सहित टूर्नामेंट संरक्षक मंडल के सदस्य मनीष, रौशन, अमन, प्रिंस, रघुवीर और सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद रहे

# 10 वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार, चेरो ओपी पुलिस ने भेजा जेल



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत चेरो ओपी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। करीब 10 वर्षों से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। चेरो ओपी थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के चेरो गांव से एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चेरो गांव निवासी रामानंद चौहान के पुत्र सुदामा चौहान के रूप में की गई है। चेरो ओपी प्रभारी रौशन कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि सुदामा चौहान के खिलाफ शराब तस्करी के मामले में थाना में पूर्व से मामला दर्ज था। मामले में न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध स्थायी वारंट एवं कुर्की–जब्ती का आदेश जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले लगभग 10 वर्षों से फरार चल रहा था और लगातार पुलिस की गिरफ्त से बचता रहा। गुप्त सूचना के आधार पर चेरो ओपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल चेरो ओपी पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फरार वारंटियों और अपराधियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# एईई सफ्लाई ने कल्याण बिगहा पीएसएस का किया निरीक्षण



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड स्थित कल्याण बिगहा पावर सब स्टेशन (पीएसएस) का साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के सहायक विद्युत अभियंता (एईई) अमरेश कुमार ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए।कनीय अभियंता (जेई) दीपक कुमार ने बिहारशरीफ ग्रामीण–1 सप्लाई के एईई निरिक्षण किया।बताया कि यह 33/11 केवी पावर सब स्टेशन पांच विभिन्न फीडरों दृ सबनहुआडीह, बराह, कल्याण बिगहा, तेलमर और कृषि दृ को बिजली आपूर्ति करता है।निरीक्षण के दौरान, एईई ने लोड की स्थिति, ब्रेकडाउन रजिस्टर, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और बकायेदारों पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने पीक आवर में ट्रांसफार्मरों पर लोड की जांच की और गर्मी के मद्देनजर ओवरलोडिंग रोकने के निर्देश दिए।पिछले एक महीने में हुए फॉल्ट और उनके समाधान में लगे समय की समीक्षा की गई। उपभ. ोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निपटारे पर विशेष जोर दिया गया। सब स्टेशन में कार्यरत कर्मियों के सेफ्टी शूज, हेलमेट, ग्लव्स और फायर फाइटिंग सिस्टम की उपलब्धता भी जांची गई। बड़े बकायेदारों की सूची तलब कर डिस्कनेक्शन अभियान तेज करने को कहा गया।एईई अमरेश कुमार ने कनीय अभियंता और मानव बल को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लो वोल्टेज और बार–बार ट्रिपिंग की समस्या की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य 24•7 गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदान करना है। उपभोक्ता अपनी शिकायतें टॉल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज करा सकते हैं।

# आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर चेरो ओपी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चेरो ओपी थाना पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में बुधवार को चेरो ओपी थाना पुलिस ने दर्जनों पुलिसकर्मियों के साथ थाना क्षेत्र के खरुआरा, उखड़ा एवं तीरा समेत विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला।फ्लैग मार्च के दौरान चेरो ओपी थाना प्रभारी रौशन कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही मोहर्रम के अवसर पर किसी भी प्रकार की अफवा. हों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में लगातार गश्ती एवं निगरानी की जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल गांवों की गलियों एवं मुख्य मार्गों से होकर गुजरा, जिससे लोगों में सुरक्षा का संदेश गया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का भरोसा दिलाया।

